Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com


सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में रविवार
सायं 6:14 बजे


सूर्योदय
उत्तराखण्ड में सोमवार
सुबह 6:33 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 15 अंक 239 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | रविवार, 17 मार्च 2024

मुंबई के दूसरे कोने पर...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### कर्णप्रयाग में ग्रामीणों ने किया लोकसभा चुनाव का बहिष्कार

**कर्णप्रयाग।** ग्रामीण लंबे समय से गांव में सड़क और कई जगहों पर डामरीकरण की मांग कर रहे हैं। लेकिन अभी तक किसी भी अधिकारी ने इसकी सुध नहीं ली है। उत्तराखंड में आगामी 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव होने हैं। वहीं, कर्णप्रयाग के किमोली और पारतोली के ग्रामीणों ने चुनाव का बहिष्कार कर दिया है। ग्रामीणों ने गांव में सड़क नहीं तो वोट नहीं के पोस्टर लगाए हैं। उन्होंने लिखा कि जनप्रतिनिधियों को गांव में घुसने नहीं दिया जाएगा। दरअसल, ग्रामीण लंबे समय से गांव में सड़क और कई जगहों पर डामरीकरण की मांग कर रहे हैं।

### युवक ने जहरीले पदार्थ का सेवन किया, मौत

**हल्द्वानी।** संदिग्ध परिस्थितियों के चलते एक युवक ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ गई परिजनों ने उसे उपचार के लिए सुशीला तिवारी में भर्ती कराया जहां उसकी मौत हो गई अस्पताल प्रशासन ने इसकी सूचना मेडिकल चौकी पुलिस को दी मेडिकल चौकी पुलिस ने उसका पांच नंबर उसका पोस्टमार्टम करा कर उसके शव को उसके परिजनों को सौंप दिया। नवाबी रोड कुलियालपुरा निवासी 21 वर्षीय कमल कश्यप पुत्र नाथूलाल ने बीते दिवस जहरीले पदार्थ का संबंध कर लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ गई परिजनों ने उसे आनंद में उपचार के लिए सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसकी मौत हो गई। इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया वार्ड नंबर 8 के पार्षद रवि वाल्मीकि ने बताया कि कमल ने प्रेम प्रसंग के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन किया है जिससे उसकी मौत हुई है रवि वाल्मीकि ने यह भी बताया कि कमल का एक बड़ा भाई एक बहन है और कमल सुभाष नगर में बार-बार की दुकान चलता था। पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया है।

# होली पर 16 स्पेशल ट्रेनें आसान करेंगी पूर्वांचल वासियों की राह

**वाराणसी**
एजेंसी



होली पर यात्रियों को घर तक पहुंचाने के लिए रेलवे ने स्पेशल ट्रेनें और अतिरिक्त कोच बढ़ा दिए हैं। नई दिल्ली, मुंबई, सूरत, बड़ोदरा, पंजाब से वाराणसी समेत पूर्वांचल के लिए 16 जोड़ी स्पेशल ट्रेनें शुरू हो रही हैं। ट्रेन संख्या 09195/09196 बड़ोदरा-मऊ होली सुपरफास्ट साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का संचालन वड़ोदरा से 23 व 30 मार्च को व मऊ से 24 व 31 मार्च को दो फेरों के लिए किया गया है। 09195 शाम 7 बजे खुलेगी और दूसरे दिन आगरा फोर्ट होते हुए कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, सुल्तानपुर होते हुए शाम 7.05 बजे कैंट स्टेशन से छूटकर रात 8.45 बजे मऊ पहुंचेगी। 09061/09062 वलसाड-बरौनी होली स्पेशल ट्रेन का संचालन बलसाड से 19 मार्च को व बरौनी से 21 मार्च को एक फेरे के लिए होगा। 09061 वलसाड से सुबह 2.15 बजे निकलेगी और सूरत, बड़ोदरा, रतलाम, कोटा, मथुरा, कासगंज, फर्रुखाबाद होते हुए दूसरे दिन कानपुर, लखनऊ, सुल्तानपुर, जौनपुर सिटी होते हुए सुबह 10.10 बजे कैंट स्टेशन, शाम छह बजे बरौनी पहुंचेगी। रेल अधिकारियों के अनुसार 08795/08796 दुर्ग-छपरा होली स्पेशल ट्रेन का संचालन 22 मार्च और छपरा से 26 मार्च को एक फेरे के लिए किया गया है। 08795 22 मार्च को दुर्ग से रात 10.20 बजे खुलेगी और दूसरे दिन प्रयागराज से दोपहर 12.05 बजे और बनारस स्टेशन पर दोपहर 1.50 बजे छूटकर छपरा शाम 6.30 बजे पहुंचेगी।

> *यात्रियों को अधिक से अधिक सुविधाएं दी जा रही हैं। होली स्पेशल ट्रेनें यात्रियों को काफी राहत देंगी।*
> *- अशोक कुमार, जनसंपर्क अधिकारी, पूर्वोत्तर रेलवे*

पारस, मांझी और कुशवाहा को लेकर एनडीए में मंथन जारी

# 16 सीट पर चुनाव लड़ेगी सीएम नीतीश की पार्टी

**देहरादून**
हमारे संवाददाता

एनडीए में जीतन राम मांझी, उपेंद्र कुशवाहा, पशुपति पारस की पार्टी को लोकसभा सीट शेयरिंग को लेकर मंथन जारी है। हालांकि, सीएम नीतीश कुमार की पार्टी जदयू को 16 सीट दे दिया गया है। लोकसभा चुनाव के तारीखों का एलान तो हो चुका है। लेकिन, अब तक राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में सीट शेयरिंग का फॉर्मूला तय नहीं हुआ है। एनडीए में जीतन राम मांझी, उपेंद्र कुशवाहा, पशुपति पारस की पार्टी को लोकसभा सीट शेयरिंग को लेकर मंथन जारी है। हालांकि, सीएम नीतीश कुमार की पार्टी जदयू को 16 सीट दे दिया गया है। अब यह स्पष्ट है कि जनता दल यूनाईटेड बिहार में 16 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ने जा रहे हैं। जदयू के वरीय नेता और राष्ट्रीय प्रवक्ता केसी त्यागी ने कहा है कि हमारी पार्टी 16 सीटों पर चुनाव लड़ने जा रही है। 16 सीटों पर हमारी सांसद हैं। इस बार थोड़ा-बहुत फेरबदल के साथ 16 सीटें




### हाजीपुर सीट से चुनाव लड़ने का दावा कर रहे पारस

चुनाव लड़ने के सवाल पर पशुपति पारस ने कहा कि हमारी किसी से कोई बातचीत नहीं है। लेकिन, हम हाजीपुर से चुनाव लड़ेंगे। जहां से आरएलजेपी के सीटिंग सांसद हैं, वहां से ही वो लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। नवादा से चंदन सिंह और समस्तीपुर से प्रिंस राज चुनाव लड़ेंगे।

हमें मिल गईं। इधर, पशुपति कुमार पारस ने भी हाजीपुर, समस्तीपुर और नवादा पर प्रत्याशियों के नाम की घोषणा कर दी है। उन्होंने स्पष्ट कहा है कि हमारे साथ न्याय नहीं हो रहा। हमलोग एनडीए की लिस्ट का इंतजार कर रहे, इसके बाद हमलोग कोई कदम उठाएंगे। उनके इस बयान ने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के माथे पर शिकन ला दी। हालांकि, चर्चा पशुपति पारस की पार्टी को समस्तीपुर सीट देने की थी। लेकिन, उनके बागी तेवर के बाद कुछ बदलाव हो सकता है। वहीं उपेंद्र कुशवाहा तीन और पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी दो सीट मांग रहे। चिराग पासवान की पार्टी भी पांच सीट पर मिलने का दावा कर रहे हैं। मुकेश सहनी भी मुजफ्फरपुर समेत दो लोकसभा सीट चाह रहे हैं।

# आबकारी नीति मामले में ईडी ने केजरीवाल को फिर से भेजा समन

**नई दिल्ली**
एजेंसी



प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आबकारी नीति मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को नया समन जारी किया है। ईडी ने 9वां समन भेजते हुए 21 मार्च को पूछताछ के लिए बुलाया है। ईडी अभी तक केजरीवाल को आठ समन जारी कर चुकी है। लेकिन एक बार भी केजरीवाल ईडी के सामने पेश नहीं हुए।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शराब घोटाला मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 9वां समन भेजा है। सीएम को 21 मार्च को आने के लिए कहा गया है। इससे पहले ईडी केजरीवाल को आठ बार समन भेज चुकी है। लेकिन केजरीवाल एक बार भी ईडी के सामने पेश नहीं हुए। अब एक बार फिर समन भेजकर ईडी ने केजरीवाल को पूछताछ में शामिल होने के लिए कहा है। पिछले समन पर पेश नहीं होने के मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट से केजरीवाल को शनिवार को जमानत मिली है। इससे पहले पिछले साल 2 नवंबर, 21 दिसंबर और इस साल 3 जनवरी, 18 जनवरी, 2 फरवरी, 14 फरवरी और 22 फरवरी, 27 फरवरी को भी ईडी केजरीवाल को पूछताछ के लिए समन जारी कर चुकी थी।

अदालत ने शनिवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को कथित दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में समन पर पेश न होने पर प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दायर दो शिकायतों में जमानत दे दी।

# मैदानों से लेकर पहाड़ तक आठ साल बाद मार्च में गर्मी से चढ़ा पारा

**देहरादून**
हमारे संवाददाता



प्रदेश में मौसम वैज्ञानिकों का कहना है, मार्च महीने से गर्मी अपने तेवर जमकर दिखाएगी। मैदानों से लेकर पहाड़ तक पारा बढ़ेगा।

इस महीने पर्वतीय इलाकों में बारिश-बर्फबारी के बाद गर्मी अपने तेवर दिखाने लगी है। आलम यह रहा कि शनिवार को दून के तापमान ने अपने आठ साल के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। दून का न्यूनतम तापमान 12.1 डिग्री के साथ सामान्य रहा। इससे पहले साल 2016 में इस दिन न्यूनतम तापमान 10.7 डिग्री रहा था। जबकि अधिकतम तापमान भी तीन डिग्री की बढ़ोतरी के साथ 29.6 डिग्री रहा। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है, मार्च महीने से गर्मी अपने तेवर जमकर दिखाएगी। मैदानों से लेकर पहाड़ तक पारा बढ़ेगा। इसकी मुख्य वजह जलवायु परिवर्तन और मौसम का बदलता पैटर्न है। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह ने कहा, आने वाले दिनों में तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। जिसके चलते न्यूनतम तापमान में भी बढ़ोतरी होगी। आज (रविवार) की बात करें तो मौसम साफ रहेगा। तापमान दून का अधिकतम तापमान 30 और न्यूनतम तापमान 12 डिग्री रहने के आसार हैं।

# काठगोदाम डिपो को किच्छा शिफ्ट करने से होगा नुकसान

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता



रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद कुमाऊं क्षेत्र की बैठक क्षेत्रीय कार्यालय काठगोदाम में क्षेत्रीय अध्यक्ष जगदीश कांडपाल की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन क्षेत्रीय मंत्री श्याम सिंह शाही ने किया।

बैठक में कुमाऊं क्षेत्र के सभी डिपो के पदाधिकारी उपस्थित थे। सभा में उच्च न्यायालय के द्वारा 10 वर्षों से अधिक समय से कार्य कर रहे कार्मिकों के नियमितीकरण के आदेश निर्गत करने पर उच्च न्यायालय का आभार व्यक्त किया गया। वक्ताओं ने परिवहन निगम में विगत 10 से 15 वर्षों से कार्यरत विशेष श्रेणी संविदा तकनीकी कर्मचारी के नियमित कारण की मांग उठाई। परिवहन निगम के राष्ट्रीयकृत मार्गों पर प्राइवेट परमिट देने पर गंभीर रोष व्यक्त किया गया। उन्होंने चेताया कि यदि अतिशीघ्र राष्ट्रीयकृत मार्ग पर दिए गए निजी परमिटों को निरस्त नहीं किया गया तो रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद आंदोलन हेतु बाध्य होगी। प्रदेश अध्यक्ष आन सिंह जीना ने बताया कि राष्ट्रीयकृत मार्ग पर प्राइवेट परमिट जारी करने का विरोध संयुक्त मोर्चा द्वारा किया जाएगा। क्षेत्रीय अध्यक्ष जगदीश कांडपाल ने नई बसों के मांग के साथ-साथ कुशल मैकेनिक और आधुनिक उपकरणों की भी मांग की। काठगोदाम ट्रैफिक शाखा अध्यक्ष आनंद वल्लभ जोशी ने काठगोदाम हिल डिपो के तैयार होने तक काठगोदाम डिपो को किच्छा ले जाने का विरोध किया। उन्होंने निगम और कर्मचारी हित में डिपो का संचालन काठगोदाम अथवा हल्द्वानी से ही करने का सुझाव दिया। बैठक में विक्रम सिंह डंगवाल, उमेश जोशी, मनोहर रावत, राजेश कोहली, पूरन चंद्र बिष्ट, शंकर सिंह, मनोज, विपिन सक्सेना, अमित कुमार, सुरेंद्र रावत, पान सिंह, योगेश जोशी, विजय अधिकारी आदि उपस्थित थे।

**रोष**
- रोडवेज कर्मियों ने राष्ट्रीयकृत मार्गों पर प्राइवेट परमिट देने पर रोष जताया

# एसपी सिटी ने कोतवाली व थाने का किया निरीक्षण

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

एसपी सिटी प्रकाश चन्द्र ने कोतवाली व काठगोदाम थाने का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया। उन्होंने अधीनस्थों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कोतवाली काठगोदाम थाने के सभी भवन व मालखाने का भ्रमण व निरीक्षण किया। थाना कार्यालय, परिसर में साफ सफाई अच्छी पायी गयी।

इस दौरान उन्होंने पुलिस कर्मियों को शस्त्रों के सम्बन्ध में जानकारी दी और पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा शस्त्रों को खोला व जोड़ा गया। निर्देश दिए कि किसी भी आकस्मिक स्थिति हेतु तैयारी के लिए पुलिस कर्मियों को लगातार शस्त्राभ्यास कराते रहें। थाना अभिलेखों को चैक किया गया। निर्देशित किया गया कि थाने के महत्वपूर्ण रजिस्टर ग्राम अपराध रजिस्टर एवं त्योहार रजिस्टर को अप टू डेट किया जाए। एसपीसिटी प्रकाश चन्द्र ने महिला हेल्पडेस्क का निरीक्षण किया गया। हेल्पडेस्क में नियुक्त



पुलिस कर्मियों को प्राप्त होने वाली शिकायतों का तत्काल समाधान करने के निर्देश दिए गए। निर्देश दिएकि आवासीय भवन जिनकी मरम्मत करने की आवश्यकता है, उनका प्रस्ताव बनाकर भेजें। सभी माल मुकदमाती व मोटर वाहन अधिनियम से संबंधित वाहनों को चैक किया गया। थाना प्रभारी को सभी माल मुकदमाती का मा0न्यायालय से उचित प्रक्रिया द्वारा शीघ्र निस्तारण कराने के निर्देश दिए गए। थाने पर प्राप्त होने वाली ऑनलाईन शिकायतों, अन्य शिकायती प्रार्थना पत्रों को चैक करने पर सभी प्रार्थना पत्र अध्यावधिक पाए गए। आपदा के सभी उपकरणों को चैक किया गया, सभी उपकरणों का बेहतर रख रखाव करने के दिशाङ्गनिर्देश दिए गए। सभी अधिकारी/कर्मचारियों का सम्मेलन लिया गया। सभी की समस्याओं का समाधान किया गया। सभी कर्मियों को बीट पुलिसिंग को प्रभावी करने तथा आगामी लोकसभा निर्वाचन के दृष्टिगत थाना क्षेत्र में अधिक से अधिक निरोधात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

साथ ही किसी भी प्रकार की सूचना मिलने पर तत्काल उस स्थान पर जाकर तस्दीक करने के निर्देश दिए। आगामी लोकसभा निर्वाचन के दृष्टिगत थाना क्षेत्र में मौजूद शस्त्र धारकों के शस्त्रों का सत्यापन कर जिलाधिकारी कार्यालय से मिलान करते हुए शस्त्रों को जमा करने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। आगामी त्योहारी सीजन के दृष्टिगत अपने थाना क्षेत्र अंतर्गत सभी संभ्रांत व्यक्तियों एवं सीएलजी मेंबरों के साथ मीटिंग कर ली जाए। एसएसपी के निर्देशन में चलाए जा रहे समस्त अभियानों जैसे ऑपरेशन ब्लैक मार्केट ऑपरेशन सैनिटाइजर आदि में विशेष ध्यान देते हुए अधिक से अधिक कार्यवाही करें, इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए।निरीक्षण के दौरान कोतवाली प्रभारी उमेश मालिक,थानाध्यक्ष काठगोदाम विमल मिश्रा समेत सभी चौकी प्रभारी तथा थाने के कर्मी मौजूद रहे।

## सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर

नैनीताल। नगर के प्रतिष्ठित अटल उत्कृष्ट राजकीय बालिका इंटर कालेज का सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर शनिवार से शुरु हो गया है।

इससे पूर्व संस्था की प्रधानाचार्या रेखा नेगी ने शिविर का दीप जलाकर शुभारंभ किया। उन्होंने शिविरार्थियों को बधाई देते हुए शिविर के उद्देश्यों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि एनएसएस हमारे भीतर न केवल बौधिक,शारीरिक,मानसिक विकास ही नहीं करता है बल्कि यह सामाजिक विकास भी करता है। उन्होंने अनुशासन को जीवन में आत्मसात करने पर बल दिया। इस मौके पर शिविरार्थी छात्राओं की ओर से सरस्वती वंदना तथा स्वागत गीत की प्रस्तुति की गयी। कार्यक्रम की शुरुआत एनएसएस के लक्ष्य गीत उठो समाज के लिए उठो उठो से हुई,साथ ही छात्राओं ने अल्पना भी बनायी। इस मौके पर एनएसएस प्रभारी दया पंत व प्रेमा फर्त्याल ने सभी शिविरार्थियों व शिक्षिकाओं का स्वागत किया। इस मौके पर उन्होंने शिविरार्थी छात्राओं से अगले सात दिनों तक अनुशासित रहने को कहा।



## राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम में उपचार के लिए जन जागरूकता अभियान चलाया

नैनीताल

हमारे संवाददाता

जनपद में संचालित राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम टीम द्वारा शनिवार को धारी क्षेत्र में भारत सरकार द्वारा जन्मजात विकृतियों कटे होंट, तालू, क्लब फुट, हृदय रोग,जजत मोतियाबिंद, न्यूरल ट्यूब डिफेक्ट आदि संबंधित बचाव और उपचार के लिए जन जागरूकता अभियान चलाया गया है। इस दौरान डिलीवरी प्वाइंट प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहाड़पानी में जागरूकता के लिए एक गोष्ठी आयोजित की गई जिसमें आम जनमानस को जन्मजात विकृतियों के लिए जानकारी दी गई। जागरूकता अभियान को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पदमपुरी के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ.हिमांशु कांडपाल के दिशा निर्देश में आयोजित किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में डॉ.संजय जनौटी, फार्मेसी अधिकारी विपिन जोशी, बसंत गोस्वामी, नर्सिंग ऑफिसर कनिका पंत, नन्दा चुरिया, दीपा, एएनएम शोभा द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## आचार संहिता: नगर पालिका परिषद भी अलर्ट

नैनीताल

हमारे संवाददाता

लोक सभा चुनाव के मद्देनजर जैसे ही शनिवार को आचार संहिता लगने की घोषणा की गयी वैसे ही नगर पालिका परिषद भी अलर्ट मोड में आ गया।

आचार संहिता लगने के तुरंत बाद नगर पालिका प्रशासन तुरंत ही नगर के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों में लगी राजनीतिक पार्टियों के होर्डिंग हटाने का कार्य प्राथमिकता से शुरु कर दिया गया। पालिका प्रशासन की ओर से शनिवार को पहले दिन मल्लीताल घोड़ा स्टैंड, एसबीआई बैंक के बगल में, माल रोड, नर्सरी स्कूल के पास, माल रोड, चर्च के पास, तल्लीताल टोल बूथ के पास समेत फांसी गधेरा, तल्लीताल बाजार व नया बाजार,धर्मशाला के पास, हनुमानगढ़ी के पास राजनीतिक पार्टियों के होर्डिंग हटाए गए।

इस दौरान पालिका के कर अधीक्षक सुनील खोलिया, कर निरीक्षक हिमांशु चंद्रा समेत दीपराज, सचिन कुमार, सुनील, रविवार, ललित तथा अन्य पालिका कर्मी अभियान में शामिल रहे।



## NEWS / फटाफट

### साहित्य समागम में साहित्यकार द्विवेदी सम्मानित



हल्द्वानी। अन्तर्राष्ट्रीय संस्था मंजिल ग्रुप ऑफ साहित्यिक मंच द्वारा आयोजित साहित्य समागम में साहित्यकार रमेशचन्द्र द्विवेदी को संस्था के राष्ट्रीय संयोजक सुधीर सिंह सुधाकर द्वारा सम्मानित किया गया। प्रतिष्ठित गीतकार डॉ. प्रदीप कुमार मिश्र अजनबी ने उन्हें पटका, मेडल तथा सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया। उक्त साहित्य समागम में गद्य पर चर्चा, पुस्तक समीक्षा, काव्य पाठ, नाटक- घर-घर की कहानी, युगलबंदी गीत समेत अन्य कार्यक्रमों में द्विवेदी की सहभागिता रही। साहित्यकार द्विवेदी ने उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व किया। समागम में मदन मोहन शर्मा सजल, डॉ.रविकान्त सनाढ्य, नरेन्द्र त्यागी नीर, नीलाम्बर कृष्ण त्रिपाठी, कर्मेश सिन्हा, गिरीश चन्द्र ओझा इन्द्र, सीमा गर्ग मंजरी, सीमा शर्मा मंजरी, विभा रानी श्रीवास्तवा, सरला विजय सिंह, डॉ. वत्सला आचार्य जैसे प्रतिष्ठित साहित्यकार उपस्थित रहे।

### बिड़ला मोटर मार्ग में अब डामरीकरण का कार्य शुरु



नैनीताल। नैनीताल की व्यस्त रहने वाले बिड़ला मोटर मार्ग की हालत जल्द ही सुधारी नजर आयेगी। ऐसा इसलिए क्यों कि इस मोटर मार्ग में अब डामरीकरण का कार्य शनिवार से प्राथमिकता से शुरु हो गया है। बता दें कि बीते कुछ दिन पूर्व विधायक सरिता आर्या की ओर से डामरीकरण के कार्य की शुरुआत की गयी थी। बता दें इस मार्ग में जगह-जगह पर काफी संख्या में गड्ढे पड़े होने की वजह से मार्ग में हर वक्त दुर्घटना होने का भय बना रहता था। डामरीकरण के बाद आशा जतायी जा रही है कि मार्ग की हालत में काफी हद तक सुधार हो सकेगा।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

-संपादक

## गाय पर हमले से भड़के गौरक्षक

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

गौरक्षकों ने गर्भवती गाय की गर्दन पर धारदार हथियार से हमला करने वाले अज्ञात के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इस मामले में गौ रक्षक जोगेंद्र सिंह राणा के नेतृत्व में पुलिस को ज्ञापन सौंपा गया है।

उनका कहना था कि गौरापड़ाव मोतीनगर क्षेत्र में किसी निर्दयी ने गर्भवती गाय की गर्दन में धारदार हथियार से काटा गया है। गौसेवकों ने फारेस्ट डॉ.तरुण गर्ग की डॉटगन की सहायता से गाय को रेस्क्यू बाद पशुपालन विभाग के डॉ.रजनीश पाठक द्वारा गाय को उपचार दिया गया।

उसके पश्चात् उसे हल्दूचौड़ गौशाला भेजा गया द्य गौसेवक जोगेन्द्र राणा ने बताया कि गाय की स्थिति बहुत गंभीर है। इसी क्रम में गौसेवकों ने हल्द्वानी कोतवाली में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ तहरीर सौंपी है। साथ ही प्रशासन को चेतावनी भी दी गयी की जल्द से जल्द यदि अज्ञात व्यक्ति की गिरफ्तारी नहीं हुई तो गौसेवक उग्र आंदोलन करेंगे। गिरफ्तारी की मांग करने वालों में नवीन अत्रि, विजय जोशी, चन्दन मलारा, विक्की चौरसिया, भुवन रावत, दीपांशु पोखरिया, मुकेश भट्ट, रक्षित, सुनील कांडपाल, मुकेश आर्य, नीलू शर्मा, चन्दन बिष्ट, सुरेंद्र बिष्ट, गौरव बक्शी, अमन भट्ट, रोहित कुमार आदि शामिल थे।



## छः दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम संपन्न

नैनीताल

हमारे संवाददाता

देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत कुमाऊं विश्वविद्यालय की भीमताल परिसर में छः दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम शुक्रवार को संपन्न हुआ जिसमें तुलाज इंस्टीट्यूट देहरादून की प्रो. भावना गहतोड़ी ने अपने स्टार्टअप हर्बल शाप कम्पनी के बारे में सभी प्रतिभागियों को जानकारी देते हुए स्टार्टअप की आवश्यकता पर विस्तृत चर्चा की और विविध उत्पादों की विस्तार से जानकारी दी।

इस दौरान उनके द्वारा स्टार्टअप के साथ युवाओं को संबद्ध करते हुए स्वयं के स्टार्टअप के महत्व पर प्रकाश डाला। उनके द्वारा पर्वतीय क्षेत्र में व्यर्थ होने वाले प्राकृतिक उत्पादों के उपयोग के साथ नवीन आकर्षक उत्पादों के निर्माण की रोचक जानकारी दी। डा गहतोड़ी ने स्थानीय उत्पादों के द्वारा उत्तराखंड को आर्थिक स्थिति को बेहतर करने का मॉडल भी दिया। द्वितीय सत्र में सिविल इंजीनियर नेहा ने अपने स्टार्टअप के बारे में बताया की उत्तराखंड की जनता में स्टार्टअप के प्रति जागरूकता पर विस्तृत चर्चा की। सत्र में विंग्योर सनराइज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के सस्थापक महेश चंद्र पनेरू ने स्टार्टअप को समर्थन में आर्गेनिक प्रोडक्ट को बढ़ावा देने के लिए व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया।

इस मौके पर देवभूमि उद्यमिता योजना के नोडल अधिकारी प्रो कुमुद उपाध्याय ने बताया कि उक्त कार्यक्रम वर्तमान में छह दिवसीय चलाया जा रहा है जिसे बाद में विस्तार दिया जायेगा। कार्यक्रम में संयोजक डॉ तीरथ कुमार, डॉ आशीष बिष्ट व राकेश तिवारी सहित 48 प्रतिभागी शामिल हुए।

पूर्व प्रधान संपादकः
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# अभिमत



## असली धर्मनिरपेक्ष

***कांग्रेस और उसी की तरह धर्म व जाति की राजनीति करने वाली पार्टियों ने अपने शासनकाल में जेल मैनुअल में संशोधन करके कैदियों के साथ भेदभाव नहीं करने का प्रावधान नहीं किया। भाजपा की सरकार ने ही वर्ष 2016 में कैदियों के साथ धर्म व जाति के आधार पर भेदभाव को प्रतिबंधित किया। इस तरह असली धर्मनिरपेक्ष भाजपा है। जातिवाद का भेदभाव खत्म करने के लिए कई समाज सुधारकों ने प्रयास किये। काफी हद तक सफलता भी मिली है, लेकिन रूढ़ीवादी लोग जातिवाद खत्म करने को राजी नहीं हैं।***

राजनीतिक दल धर्मनिरपेक्ष होने का दिखावा करके वोट हासिल करना चाहते हैं। जातिवाद का भेदभाव करके हिंसा भड़काते हैं। भारतीय जनता पार्टी पर धर्म की राजनीति का आरोप लगाया जाता है। जब भाजपा ने चुनाव में दंगा रहित शासन देने का वायदा किया तो कथित धर्मनिरपेक्ष पार्टियों ने आरोप लगाया कि भाजपा ही दंगे कराती है और जब सत्ता में आ जायेगी तो दंगे रुक जायेंगे। वर्ष 2014 में केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद हिंसा भड़काने के कई बार प्रयास किये गये। सरकार ने स्थिति पर नियंत्रण कर लिया। केन्द्रीय गृह मंत्रालय द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि कुछ राज्यों के जेल मैनुअल में कैदियों को उनकी जाति और धर्म के आधार पर अलग-अलग रखने का उल्लेख है और उन्हें जेल में उसी आधार पर काम सौंपे जा रहे हैं, जबकि किसी जाति या धर्म विशेष के कैदियों के समूह के साथ विशेष व्यवहार पर सख्त पाबंदी है, इसलिए भेदभाव बंद किया जाये। यदि ऐसा कोई प्रावधान है तो मैनुअल अथवा कानून में भेदभाव वाले प्रावधानों को हटाने या संशोधन के लिए तत्काल कदम उठाये जाने चाहिएं। भारत के संविधान में धर्म, नस्ल, जाति या जन्म स्थान के आधार पर किसी भी तरह के भेदभाव पर रोक का प्रावधान है। गृह मंत्रालय द्वारा तैयार मॉडल जेल मैनुअल, 2016 में रसोई के प्रबंधन या भोजन पकाने में कैदियों के साथ जाति और धर्म आधारित भेदभाव को स्पष्ट रूप से प्रतिबंधित किया गया है। कांग्रेस और उसी की तरह धर्म व जाति की राजनीति करने वाली पार्टियों ने अपने शासनकाल में जेल मैनुअल में संशोधन करके कैदियों के साथ भेदभाव नहीं करने का प्रावधान नहीं किया। भाजपा की सरकार ने ही वर्ष 2016 में कैदियों के साथ धर्म व जाति के आधार पर भेदभाव को प्रतिबंधित किया। इस तरह असली धर्मनिरपेक्ष भाजपा है। जातिवाद का भेदभाव खत्म करने के लिए कई समाज सुधारकों ने प्रयास किये। काफी हद तक सफलता भी मिली है, लेकिन रूढ़ीवादी लोग जातिवाद खत्म करने को राजी नहीं हैं। स्कूलों में मिड डे मील योजना के तहत भोजन माता की नियुक्ति की गई है। मीडिया में कई बार ऐसे समाचार आते हैं कि दलित भोजनमाता द्वारा बनाये गये भोजन को कुछ बच्चों ने ग्रहण करने से इन्कार कर दिया। ऐसी घटनाओं के पीछे भी घृणित राजनीति करने वाले लोगों का हाथ होता है। कांग्रेस के शासन में तत्कालीन प्रधानमंत्री नरसिंहा राव ने मिड डे मील की योजना शुरू की थी। इस योजना से गरीब बच्चों को शिक्षा के साथ दोपहर का भोजन दिया जाता है। भोजन पकाने के लिए भोजन माता की नियुक्ति की गई, जिससे महिलाओं को रोजगार मिला है। जेल में भोजन बनाने के लिए रसोई में काम करने वालों के साथ धर्म और जाति का भेदभाव शिक्षित समाज के लिए संकीर्ण मानसिकता का द्योतक है।

# निर्वाचन प्रक्रिया को सकुशल संपन्न कराने की अपील

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**




जिला निर्वाचन अधिकारी वंदना सिंह ने कैंप कार्यालय हल्द्वानी में आदर्श आचार संहिता के संबंध में राजनीतिक दलों के साथ बैठक की। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी राजनैतिक दलों से आदर्श आचार संहिता के अनुपालन के साथ साथ निर्वाचन प्रक्रिया को सकुशल संपन्न कराने जाने हेतु अपेक्षित सहयोग की अपील की। बैठक में राजनैतिक दलों के प्रत्याशियों के नामांकन, घोषणा पत्र एवं आचार संहिता के दौरान आयोग की गाइडलाइन दिशा निर्देशों तथा विभिन्न प्रकार की अनुमतियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग, निर्वाचन अवधि के दौरान नाम-निर्देशन दायर करने और अनुमति प्राप्त करने के लिए अभ्यर्थियों की प्रक्रिया को सरल बनाने की दिशा में कार्य कर रहा है। इस दिशा में सुविधा वेब एप्लीकेशन के माध्यम से नाम-निर्देशन और अनुमति ऑन लाइन दर्ज की जा सकती है। उन्होंने राजनीतिक दलों से अधिकाधिक सुविधा एप के माध्यम बसे ऑन लाइन आवेदन करने की बात कही। साथ ही बताया कि मीडिया सर्टिफिकेशन और मॉनिटरिंग समिति से ली जाने वाली अनुमतियों के संबंध में nainitalm-cmcw®wy@gmail.com पर आवेदन किया जा सकता है। बैठक में सभी राजनीतिक दलों से उनके स्टार प्रचारकों की रैलियों, रोड शो एवं अन्य आयोजनों के लिए व्यय के प्रावधान संबंधी जानकारी दी गई। साथ ही आदर्श आचार संहिता के नियमों के अनुपालन करने को कहा। उन्होंने सभी राजनैतिक दलों को आश्वस्त किया कि निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान किसी भी राजनीतिक दल को किसी प्रकार की जानकारी प्राप्त करने में अथवा किसी प्रकार की कठिनाई के समाधान के लिए उप जिला निर्वाचन अधिकारी और कंट्रोल रूम से सम्पर्क किया जा सकता है। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी पी आर चौहान, प्रभारी अधिकारी तुषार सैनी,जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल, जिला उपाध्यक्ष बहादुर सिंह बिष्ट, दीप चंद्र पाठक, जिला महामंत्री रंजन सिंह बर्गली, राजेंद्र सिंह भाकुनी, राहुल झिंगरान सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## स्वीप टीम ने मतदाताओं को किया जागरूक

**नैनीताल।** मतदाताओं को जागरूक करने के विशेष मकसद से स्वीप टीम नैनीताल के सह समन्वयक एल. एम. पांडे एवं गौरी शंकर कांडपाल के माध्यम से शनिवार को अपर शिक्षा निदेशक कुमाऊं मंडल नैनीताल कार्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान अपर शिक्षा निदेशक (माध्यमिक शिक्षा) लीलाधर व्यास के द्वारा कार्यालय के कर्मचारियों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर उनके द्वारा आने वाले सभी से बढ़कर मतदान करने एवं अपने परिवार के सदस्यों को भी लोकसभा निर्वाचन में मतदान करने के लिए अभिप्रेरित करने का आवाहन किया। इस अवसर पर लीलाधर व्यास समेत मनोज कुमार भट्ट, निधि रावत, ललित मोहन उपाध्याय, सुरेंद्र नाथ वर्मा, मनोज कुमार आर्य, राकेश सिंह बिष्ट, पुष्पा आर्य, भावना स्नेही, जगमोहन रौतेला, हिमांशु हरि सिंह बिष्ट, हिमांशु रावत, अनुपम दुबे, राजेश कुमार त्रिपाठी, भगवती आर्य तथा बलवीर सिंह अधिकारी आदि उपस्थित रहे ।

# आईआईटी दिल्ली के समन्वय से एक दिनी वर्चुअल लैब कार्यशाला का हुआ आयोजन

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**




एमबीपीजी कॉलेज हल्द्वानी के संगोष्ठी कक्ष में प्रायोजित आईआईटी दिल्ली के समन्वय से राज्य नोडल वर्चुअल लैब एवं प्राचार्य, प्रो. संजय कुमार की अध्यक्षता में एक दिवसीय वर्चुअल लैब कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में नोडल केंद्र एम.बी.पी.जी के साथ राजकीय महाविद्यालय हल्द्वानी शहर गौलापार, इंदिरा प्रदर्शनी महिला महाविद्यालय, लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय हल्दूचौड़ के विज्ञान संकाय के प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। निदेशक, उच्च शिक्षा, प्रो. सी.डी सून्ठा एवं प्राचार्य एम.बी.पी.जी, प्रो.एन.एस. बनकोठी ने दीप प्रज्वलित कर सभी का स्वागत करते हुए कार्यशाला का शुभारंभ किया। कार्यशाला में विज्ञान के छात्र-छात्राओं को आईआईटी द्वारा विकसित वर्चुअल लैब से प्रयोगशाला के अभाव में भी प्रायोगिक ज्ञान अर्जित करने की तकनीक सिखाई गई। निदेशक महोदय ने सचिव, उच्च शिक्षा, उत्तराखंड, शैलेश बगौली एवं अपर सचिव, उच्च शिक्षा, उत्तराखंड, ए .के. श्रीवास्तव को धन्यवाद देते हुए नोडल द्वारा किए जा रहे इस प्रयास की सराहना करते हुए इस प्लेटफार्म को प्रत्येक छात्र तक पहुचाने की बात पर जोर दिया।

प्रो. संजय कुमार ने कहा की वर्चुअल लैब आज के समय की आवश्यकता है, जिससे विद्यार्थी विज्ञान के प्रयोग को बिना किसी समय एवं स्थानबद्धता के अपने मोबाइल एवं लैपटॉप द्वारा ही संपूर्ण कर ज्ञान अर्जित कर सकते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने मे डॉ. कंचन जोशी, डॉ. अंकित चंदोला, डॉ. गुंजन माथुर तथा डॉ. प्रियंका तिवारी का प्रमुख योगदान रहा। कार्यक्रम में, डॉ. डी.सी. पांडे, डॉ. पी.सी मठपाल, डॉ.अमिता तिवारी, डॉ. निर्मला परगाईं, डॉ. नवल किशोर लोहनी आदि ने अपनी सक्रिय सहभागिता प्रदान की।

# फिल्मी दुनिया

## मुंबई के दूसरे कोने पर लॉन्च हुआ 'क्रू' का ट्रेलर




*शुक्रवार की रात फिल्म 'क्रू' के ट्रेलर की एक स्पेशल स्क्रीनिंग से पहले फिल्म के निर्माता अनिल कपूर इस बात से काफी व्यथित नजर आए कि महिला सितारों वाली फिल्मों का मीडिया और ट्रेड साथ नहीं देता है। लेकिन, अब 'झकास' अनिल कपूर को कौन समझाए कि अपने पूरा करियर पत्रकारों के इतने करीब रहने वाली उनकी छवि को उनके घरवाले ही तार तार कर रहे हैं। ट्रेलर धुआंधार है। कॉमेडी भी मजेदार है। लेकिन, इस ट्रेलर लॉन्च का सारा मजा इस बात से किरकिरा हो गया कि दो दो घंटे का सफर कर इस ट्रेलर लॉन्च पर पहुंचे मीडियाकर्मियों को फिल्म के कलाकारों से बात करने का मौका तक नहीं दिया गया। फिल्म क्रू का ट्रेलर लांच का आयोजन कुर्ला के फिनिक्स पीवीआर में रखा गया था। आम तौर पर ऐसी जगह फिल्मों के इवेंट के आयोजन कम ही होते हैं। क्योंकि मीडिया कर्मियों को यहां पहुंचने में कम से कम दो घंटे लगते हैं। ट्रेलर लांच के दौरान कार्यक्रम के मेजबान तब्बू, करीना कपूर खान, कृति सेनन और फिल्म के निर्देशक राजेश ए कृष्णन से सवाल करते रहे जो पहले से ही तय थे। सवाल जवाब के दौरान तब्बू ने कहा, %मुझे डांटने और गाली देने वाली ही फिल्में मिलती है। कि फिल्म के ट्रेलर में दिखाया गया है कि तब्बू एक शख्स को डांट रही हैं।*

### बहुत ही अच्छा अनुभव

*अभिनेत्री करीना कपूर खान ने कहा, पहली बार तब्बू और कृति सेनन के साथ काम करने का बहुत ही अच्छा अनुभव रहा। फिल्म के ट्रेलर लांच के दौरान अभिनेत्री कृति सेनन ने हो मोर्चा संभाले रखा। कृति सेनन ने कहा, पुरुषों के साथ तो काफी काम कर लिया। पहली बार महिलाओं के साथ काम करना बहुत ही ताजगी भरा अहसास रहा है। तब्बू और करीना के साथ काम करने का बहुत ही शानदार अनुभव रहा है।*

# नमामि गंगे इकाई ने गंगा स्वच्छता शपथ एवं हस्ताक्षर अभियान चलाया

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

राजकीय महिला महाविद्यालय की नमामि गंगे इकाई ने गंगा स्वच्छता पखवाड़े के महाविद्यालय में गंगा स्वच्छता शपथ एवं हस्ताक्षर अभियान चलाया। नमामि गंगे के अन्तर्गत पखवाड़ा मानने के उद्देश्य पर बोलते हुऐ समिति के संयोजक डॉ रितुराज पंत ने बताया कि यह पखवाड़ा आज़ादी के अमृत महोत्सव थीम के साथ मनाया जायेगा। जिसमें घाटों पर स्वच्छता अभियान, श्रमदान, प्रभात फेरी, जागरूकता कार्यक्रम, स्कूल एवं कॉलेज में प्रतियोगिताएं, खेल गतिविधियों का आयोजन, गंगा आरती, गंगा स्वच्छता शपथ, नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरुक करना है। प्रभारी प्राचार्य प्रो0 ए0के0 श्रीवास्तव ने छात्राओं को गंगा स्वच्छता शपथ दिलवाई साथ ही हस्ताक्षर अभियान के साथ पखवाड़े का शुभारंभ किया। इस अवसर पर डॉ गीता पंत , डॉ ललिता जोशी, डॉ0 रेखा जोशी, डॉ0 फकीर सिंह आदि मौजूद रहे।



## News कॉर्नर

### भाविप का चुनाव एवं होली महोत्सव पर विचार विमर्श

**हल्द्वानी।** भारत विकास परिषद् शाखा हल्द्वानी की एक बैठक रामपुर रोड स्थित अतिथि रेस्टोरेंट में आयोजित की गई। जिसमें नई कार्यकारिणी गठन हेतु होने वाले वार्षिक चुनाव एवं होली महोत्सव पर विचार विमर्श हुआ। क्षेत्रीय संयुक्त सचिव भगवान सहाय अग्रवाल एवम प्रांतीय अध्यक्ष आर के गुप्ता द्वारा कार्यक्रम के निमित्त व्यवस्थाएं बांटी गई। शाखा अध्यक्ष भवानी शंकर नीरज द्वारा बताया गया कि आगामी 22 मार्च को हल्द्वानी शाखा के तीन पदों अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष का चुनाव किया जाएगा। वार्षिक चुनाव की प्रक्रिया चुनाव अधिकारी विजय भूषण गर्ग के मार्गदर्शन में होगी। बैठक में सचिव डा. अभिषेक मित्तल, कोषाध्यक्ष अमित अग्रवाल, महिला संयोजिका डा.निधि गुप्ता एवं उप सचिव सौरभ अग्रवाल, मिडिया प्रभारी विपुल अग्रवाल आदि सदस्य उपस्थित रहे।

### पांच निर्धन विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति दी

**नैनीताल।** भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय में विद्यालय के पूर्व विद्यार्थी संजीव रस्तोगी द्वारा अपने पूज्य पिता स्व0 शिव कुमार रस्तोगी की स्मृति में विद्यालय के पांच निर्धन विद्यार्थियों को प्रत्येक को 3000-3000 हजार कुल 15000/ रुपएं की रूपये की छात्रवृत्ति प्रदान की गयी है। कालेज प्रबंधन के मुताबिक छात्रवृत्ति संजीव रस्तोगी ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं क्रमशः दीक्षित कन्याल कक्षा 5, रितेश बेलवाल कक्षा 5, भावना बोरा कक्षा 3, जिया कक्षा 4 व पीयूष शाही कक्षा एक के अभिभावकों को दी गयी। उनके इस सहयोग के लिए विद्यालय के प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता व प्रभारी प्रधानाध्यापिका रश्मि ने उनका आभार व्यक्त करते हुए उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# अब होंगे नैनीताल चिड़ियाघर में मारखोर के दीदार

उत्तरांचल दीप

अफजल फौजी, नैनीताल

खूबसूरत मारखोर के नैनीताल के चिड़ियाघर में दीदार हो सकेंगे। यह पाकिस्तान का राष्ट्रीय पशु मारखोर है। इसे दार्जिलिंग चिड़ियाघर से नैनीताल चिड़ियाघर लाया गया है । बहरहाल इसे अब स्वास्थ्य परीक्षण के लिए चिड़ियाघर में रखा गया है। अगले सप्ताह से सैलानी इससे रूबरू हो सकेंगे। चिड़ियाघर के रेंजर प्रमोद तिवारी ने बताया कि चिड़ियाघर में कई नए वन्य पशुओं के दीदार हो सकेंगे। एनिमल एक्सचेंज कार्यक्रम के तहत जानवरों की संख्या बढ़ाई जा रही है। मादा मारखोर के अलावा एक जोड़ा गोल्डन फिजेंट व एक जोड़ा सिल्वर फिजेंट को नैनीताल चिड़ियाघर लाया गया है।



चिड़ियाघर के बायोलॉजिस्ट अनुज कांडपाल के अनुसार मारखोर मुख्यत: उच्च हिमालय क्षेत्र लेह लद्दाख, भारत-पाकिस्तान से लगी सीमावर्ती क्षेत्र में पाया जाता है इसके अलावा मारखोर पाकिस्तान का राष्ट्रीय पशु है। मारखोर भारत के मात्र दो चिड़ियाघर नैनीताल और दार्जिलिंग में पाया जाता है। इनकी संख्या बढ़ाई जाने को लेकर काफी लंबे समय से नैनीताल और दार्जिलिंग चिड़ियाघर के बीच पत्राचार चल रहा था। केंद्रीय चिड़ियाघर प्रबंधन से अनुमति मिलने के बाद अब मारखोर की मादा प्रजाति को नैनीताल लाया गया है। नैनीताल चिड़ियाघर में इनकी संख्या दो हो जाएगी। जिसमे एक नर व एक मादा है। बता दें कि शहर 1984 से नैनीताल जू को स्थापित करने की कवायद शुरू कर दी गयी थी। जिसे 1995 में पर्यटकों के दर्शनार्थ खोल दिया गया। 11 एकड़ में फैला जू समुद्र तल से करीब 2100 मीटर की ऊँचाई पर स्थित है। जिसे उत्तर भारत का एकमात्र हाई एल्टीट्यूट जू माना जाता है। जू में विभिन्न प्रजातियों के 231 वन्य जीवों को संरक्षित किया गया है। जिसमें 33 प्रजातियों के 95 सुंदर पक्षी भी शामिल है। जिनके दीदार के लिए रोजाना सैकड़ो पर्यटक यहां पहुँचते है। मगर जू के कई प्राणी अपनी औसत उम्र भी पार कर चुके है। वहीं कुछ की पूर्व में मौत हो जाने के कारण प्राणियों के जोड़ो का अभाव बना हुआ है।

### किंग कोबरा को मार डालता है मारखोर

चिड़ियाघर के बायोलॉजिस्ट अनुज कांडपाल बताते हैं कि हिमालय क्षेत्र में रहने के कारण मारखोर की शारीरिक और सींग कि बनावट बेहद मजबूत होती है। मारखोर इतना शक्तिशाली होता है कि खतरनाक किंग कोबरा को अपने दांतों से चबा डालता है और किंग कोबरा के जहर का इस पर असर नही होता है।

**रूबरू**

● दार्जिलिंग चिड़ियाघर से लाई गई मादा मारखोर

# अजय भट्ट ने किया चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

भाजपा के लोकसभा के प्रत्याशी अजय भट्ट ने अपने चुनाव कार्यालय का हजारों कार्यकर्ताओं के साथ शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आज जिस प्रकार से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पूरे संसार में जय जयकार हो रही है और उनके मार्गदर्शन पर 2024 का लोकसभा चुनाव भी लड़ा जा रहा है और दोबारा प्रधानमंत्री हमारे नरेंद्र मोदी होंगे।

इस बार 400 सीटों पर विजय प्राप्त कर भाजपा केंद्र में अपनी सरकार बनाएगी। वहीं कांग्रेस की सीट को लेकर कहा कि अभी तक नैनीताल सीट से कांग्रेस ने कोई भी उम्मीदवार की घोषणा नहीं कि इससे साफ होता है कि कांग्रेस के पास भाजपा के सामने खड़ा करने के लिए कोई भी प्रत्याशी दिखाई नहीं पड़ रहा है। इससे साफ होता है कि



इस बार का चुनाव जनता ने पहले से ही बना लिया है और कांग्रेस को इस बात का पता चल गया। इसलिए अभी तक अपने प्रत्याशियों की घोषणा भी नहीं कर पा रही है और ना ही कोई भाजपा प्रत्याशियों के सामने खड़े होने की हिम्मत कर रहा है। 2024 में भाजपा 400 से अधिक सीटों से जीत कर अपनी सरकार बनाएगी। इस मौके पर प्रदेश महामंत्री अजय कुमार, प्रदेश महामंत्री राजेंद्र सिंह बिष्ट, प्रदेश सह कोषाध्यक्ष साकेत अग्रवाल, जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट, राज्यमंत्री अनिल कपूर डब्बू,सुरेश भट्ट, जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया, अलका जीना,रेणु अधिकारी, प्रमोद तोलिया,प्रताप रेकवाल,तरुण बंसल, राशि जैन सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# रामपुर तिराहा कांड में दोषियों के खिलाफ कोर्ट के फैसले का स्वागत

नैनीताल

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी क्रांतिकारी मोर्चा नैनीताल नगर इकाई ने रामपुर तिराहा कांड में शामिल दोषियों के खिलाफ कोर्ट द्वारा दिए गए फैसले का स्वागत करते हुए इसे उत्तराखंड राज्य की जनता के लिए ऐतिहासिक फैसला करार दिया है।

मोर्चा के नगर अध्यक्ष शाकिर अली समेत नैनीताल नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष एवम् राज्य आंदोलनकारी मुकेश जोशी, राज्य आंदोलनकारी इंदर सिंह नेगी, कंचन चंदोला, पान सिहं सिजवाली तथा महेश जोशी आदि ने इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि रामपुर तिराहा कांड में जो बर्बरता तत्कालीन पुलिस प्रशासन द्वारा की गई थी उसके जख्म आज तक भी नहीं भरें हैं। आंदोलनकारियों ने कहा कि रामपुर तिराहा कांड, मुज्जफ्फ रनगर कांड और उत्तराखंड के खटीमा, मंसूरी तथा नैनीताल नगर में हुए गोली कांड की काली यादें आज भी उत्तराखंड की जनता के अंदर हैं, कोर्ट द्वारा दिए गए इस निर्णय से उत्तराखंड की जनता में हर्ष है।

राज्य आंदोलनकारियों ने कहा कि उत्तराखंड राज्य के लिए शहीद हुए आंदोलनकारियों को सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब इस कांड में शामिल सभी दोषियों को सजा नहीं मिल जाती है। दूसरी ओर मोर्चा के सदस्यों ने प्रदेश सरकार से भी इन पूरे मामलों में गम्भीरता से सक्रिय होने की मांग की है जिससे राज्य आंदोलन में अपनी आहूति देने वाले राज्य आंदोलनकारियों को सही से न्याय मिल सके।

## NEWS / फटाफट

### तीन भाइयों पर जानलेवा हमला करने के आरोप

**हल्द्वानी।** आम आदमी पार्टी के युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष हरीश सिंह सिरोही उर्फ हर्ष के तीन भाइयों पर जानलेवा हमला करने के आरोप पर चार लोगों के खिलाफ कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गोरापड़ाव स्थित गाथीखाल निवासी हरीश सिंह सिरोही ने अपने 14 मार्च को कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंपी थी। आरोप था कि कुछ लोगों ने उनके भाई नरेश, पवन, संदीप को फोन करके बुलाया और रास्ते में धारदार हथियार से हमला कर दिया। भाइयों ने किसी तरह भागकर जान बचाई। हमले में उनके भाई नरेश को गंभीर चोट आई है। मामले में कोतवाली पुलिस ने मान सिंह राणा, नरेंद्र सिंह राणा और सोनू भट्ट सहित एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मारपीट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाल उमेश कुमार मलिक ने बताया कि मामले की जांच मंडी चौकी प्रभारी विजय मेहता को सौंपी गई है।

### दीपक अध्यक्ष एवं सचिव नीलम शर्मा



**हल्द्वानी।** भारत विकास परिषद शाखा काठगोदाम का होली कार्यक्रम सम्पन्न हुआ, कार्यक्रम प्रारम्भ में प्रांतीय संगठन सचिव डॉ विनय खुल्लर, चुनाव प्रभारी मनोज अरोरा, अध्यक्ष दीपक माहेश्वरी, सचिव रश्मि जैन ने दीप प्रज्वलन किया। सत्र 2024-25 के लिए शाखा का चुनाव, प्रभारी रुद्रपुर से आये मनोज अरोरा ने चुनाव कराया अध्यक्ष दीपक माहेश्वरी, सचिव नीलम शर्मा, कोषाध्यक्ष हितेंद्र उप्रेती चुने गए। होली कार्यक्रम बहुत हीं हर्ष उल्लास से मनाया गया जिसमे कपल गेम, विभिन्न नृत्य कार्यक्रम एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। रेनू बिस्ट स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया, सामूहिक नृत्य प्रस्तुति रश्मि, ममता, श्यामली दिमवाल, कनिका बामेटा आदि ने भाग लिया ,सदस्य सुजाता माहेश्वरी के निर्देशन मे रंगारंग कार्यक्रम हुए। कार्यक्रम में राजेश अग्रवाल,दीपक बिस्ट, ममता खुल्लर, रेणुका संजय गर्ग, अनुज माहेश्वरी,विकास रत्न राहुल वार्ष्णेय, नीरज रेनू शारदा,अलोक अरुणा सक्सेना संजय जैन, भोला. केसरवानी, शेखर त्रिपाठी, राजीव रावत, हरीश गौरा,गरिमा विशाल सिंघल.गोपाल पाल,नेहा पाल मोजूद रहे।

### चाकू समेत गिरफ्तार युवक को न्यायालय में पेश किया

**हल्द्वानी।** मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने चाकू सहित एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसे न्यायालय में पेश किया है। गोटिया बड़ा चौकी प्रभारी देवेंद्र सिंह राणा को मुखबिर ने सूचना दी की तिकोनिया बरसाती नहर स्थित एक व्यक्ति सड़क पर चाकू लहरा कर लोगों को डरा रहा है सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने चाकू सहित उक्त व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने पुलिस की पूछताछ में अपना नाम अजीम अंसारी पुत्र निवासी मल्ला राजपुरा बताया।

# आंचल प्लांट प्रशिक्षण सेंटर में मतदान जागरूकता अभियान

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

नैनीताल दुग्ध संघ के लालकुआं स्थित आंचल प्लांट प्रशिक्षण सेंटर में आज स्वीप टीम द्वारा मतदान जन जागरूकता अभियान चलाया गया।

इसके अंतर्गत दुग्ध संघ के सामान्य प्रबंधक निर्भय नारायण सिंह द्वारा सभी उपस्थित 150 प्रशिक्षकों को निष्पक्ष एवं शतप्रतिशत मतदान की शपथ दिलाई गई। इसके साथ ही प्रभारी विपणन संजय भाकुनी द्वारा सभी को जानकारी दी गई कि आगामी 20 मार्च



से आंचल दूध के पैकेट पर प्रिंट संदेश के माध्यम से भी मतदान की अपील की जाएगी। इस अवसर पर स्वीप जिला सह समन्वयक एल एम पांडे, गौरीशंकर कांडपाल ब्लॉक समन्वयक स्वीप डॉ सुरेश चंद्र भट्ट , मोनिका चौधरी एवं दुग्ध संस्थान के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आपदा प्रबंधन प्राथमिक चिकित्सा के चार दिवसीय प्रशिक्षण का समापन

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

भारतीय रेड क्रॉस समिति उत्तराखंड द्वारा उत्तराखंड ओपन यूनिवर्सिटी हल्द्वानी में आयोजित आपदा प्रबंधन प्राथमिक चिकित्सा के चार दिवसीय प्रशिक्षण का समापन किया गया।

चार दिवसीय प्रशिक्षण में प्रशिक्षकों द्वारा प्रतिभागियों को विभिन्न आपदाओं जानकारी, आपदा प्रबंधन व प्राथमिक से चिकित्सा से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर जानकारी दी गई। अंतिम दिवस में श्री मुंशी चौमवाल आपदा प्रबंधन समन्वयक द्वारा घायलों को स्ट्रेचर पर ले जाने, वैकल्पिक स्ट्रेचर बनाने की विधि बताई गई। श्री ख्याली राम सती लेक्चर फर्स्ट एड द्वारा एंबुलेंस के प्रकार पर जानकारी दी गई




है तथा चार तरह से प्रशिक्षण में विभिन्न प्रशिक्षकों द्वारा दिए गए प्रशिक्षण का पुनर अभ्यास किया गया। डॉ खान द्वारा प्रतिभागियों का टेस्ट लिया गया है 30 प्रतिभागियों द्वारा शिक्षा प्राप्त किया गया। अंतिम दिवस की मुख्य अतिथि प्रोफेसर पी. डी. पंत कुलसचिव उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर डॉक्टर पी के सहगल नोडल अधिकारी रेड क्रॉस उत्तराखंड ओपन यूनिवर्सिटी हल्द्वानी, डॉ राकेश रयाल, डॉक्टर फर्शवान आदि प्रोफेसर प्रशिक्षण के अंतिम दिवस के अंतिम सत्र में उपस्थित रहे।